प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100 बजे

बालिका दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार ने बालिकाओं को सशक्त बनाने में मयोगदान देने वाले क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो। प्रधानमंत्री ने बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को सभी क्षेत्रों में बेटियों की उपलब्धियों पर गर्व है और उनकी उपलब्धियां सभी को प्रेरित करती रहती हैं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी और युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के कैडेटों, स्वंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे। आज प्रधानमंत्री आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री उन कलाकारों से मुलाकात करेंगे जो पर्दे के पीछे रह कर काम कर रहे हैं। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विविधता और सैन्य–शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल धर्मशाला से वर्चुअल माध्यम से बिलासपुर जिला के भगेड़ स्थित अपराजिता बालआश्रम के 17 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' से संवाद किया। यह बच्चे दो दिवसीय शैक्षिक और मनोरंजक भ्रमण पर गए है। इन बच्चों ने बीटिंग रिट्रीट समारोह देखने के बाद वाघा बोर्डर से बीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत की। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान यह बच्चे अमृतसर, वाघा बोर्डर, स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग और सांईस सिटी कपूरथला भी जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक के लिए सभी मंत्री और आला अधिकारी धर्मशाला पहुँच रहे हैं। बैठक में सरकार की ओर से कांगड़ा जिला के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे संवाददाता....

महांकुंभ

महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और तीर्थयात्री प्रयागराज पहुंच रहे हैं। चल रहे महाकुंभ के दौरान अब तक 10 करोड़ और 21 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज महांकुंभ के दिव्य आयोजन में जहां दुनियाभर के करोड़ो श्रद्धालु संगम के पवित्र जल में आस्था की डूबकी लगाने का सौभग्य प्राप्त कर रहे है वहीं शिमला के निकट शोघी निवासी लोकेंद्र मोहन चंदेल ने महाकुंभ के लिए आ रहे श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था के लिए 50 लाख रूपए का अनुष्ठान में योगदान दिया है। इस महीने की 13 तारीख से शुरू हुआ 45 दिवसीय महाकुंभ 26 फरवरी तक जारी रहेगा।

गणतंत्र दिवस

पूर्ण राज्यत्व दिवस की पूर्व संध्या पर आकाशवाणी शिमला से आज सायं 8 बजकर 15 मिनट पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का संदेश प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी शिमला का प्राइमरी चौनल, इसके सभी रिले केन्द्रों और एफ.एम. शिमला, हमीरपुर तथा धर्मशाला पर मुख्यमंत्री का यह सन्देश एक साथ प्रसारित होगा। मुख्यमंत्री के सन्देश को दूरदर्शन केन्द्र शिमला से भी सायं साढ़े 7 बजे प्रसारित किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। हालांकि बीते कल प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात हुआ, जबकि शिमला, कुफरी व नारकंडा में बर्फ के हल्के फाहें गिरे। प्रदेश में मौसम साफ बने रहने और हिमपात व वर्षा कम होने के चलते इसके असर कृषि व बागवानी पर हो रहा है। लगभग 4 माह से कम वर्षा होने के कारण पौधों के सूखने और रवि फसल को नुकसान होने की स्थिती बनी हुई है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर घने कोहरे और शीत लहर चलने की संभावना जताई है।

--------------------------------